मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-529
23/11/2025

# मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित एम0एल0ए0 आवास का किया निरीक्षण, जे0पी0 गंगा पथ के सौंदर्यीकरण कार्य का भी लिया जायजा

पटना, 23 नवम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने दारोगा राय पथ स्थित नवनिर्मित एम0एल0ए0 आवास (डुप्लेक्स बंगला) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने एम0एल0ए0 आवास के विभिन्न भागों का जायजा लिया और वहां उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सभी आवासों में निर्वाचन क्षेत्र संख्या और विधानसभा क्षेत्र अंकित है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनिर्मित विधायक आवास बहुत अच्छा बना है। इन आवासों को सभी नवनिर्वाचित विधायकों को उनके निर्वाचन क्षेत्र संख्या और विधानसभा क्षेत्र के आधार पर शीघ्र ही आवंटित कर दिया जायेगा। इस आवास में सभी आधुनिक सुविधायें उपलब्ध हैं। इस परिसर का सौंदर्यीकरण भी बहुत अच्छे ढंग से किया गया है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जे0पी0 गंगा पथ के सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जे0पी0 गंगा पथ के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत हो रही है। अधिकारियों को निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि जे0पी0 गंगा पथ का सौंदर्यीकरण कार्य बेहतर ढंग से करायें। पथ के बगल में बनने वाले पार्क में रेलिंग का भी निर्माण करायें ताकि लोग सुरक्षित रह सकें और उन्हें घूमने–फिरने में सुविधा हो।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री अनिमेष परासर, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, नगर आयुक्त श्री यशपाल मीणा, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******